# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VII- 3rd Lang | Department: Hindi | Date of submission: NA |
|---|---|---|
| Question bank | Topic: कल्लू हाथी | Note: Read and practice |

## पाठ - कल्लू हाथी (Question bank)

प्रश्नोत्तर - मौखिक -

क. किस-किसने बाढ़ से बचने के लिए पेड़ का सहारा लिया ?

उत्तर: हशमत, सलीमा और कल्लू ने बाढ़ से बचने के लिए पेड़ का सहारा लिया ।

ख. हशमत के बीमार होने पर कल्लू ने उसकी मदद कैसे की ?

उत्तर : कल्लू ने बीमार हशमत के लिए रूपये कमाने का जरिया बनकर उसकी मदद की । बच्चे हाथी की सवारी करते और बदले में प्रत्येक सवारी के लिए एक रुपैया देते । बच्चे उनके लिए केलों का गुच्छा और फल लाए । इस तरह शाम तक हशमत के पास काफी पैसे जमा हो गए ।

लिखित -

क. हशमत और कल्लू की मुलाक़ात कैसे हुई ?

उत्तर: हशमत और कल्लू की मुलाक़ात बाढ़ के दौरान हुई । बाढ़ आने पर हशमत और सलीमा जान बचाने के लिए जिस पेड़ के ऊपर बैठे थे , कल्लू पानी में बहता हुआ उसी पेड़ के निचे आ गया ।

ख. कल्लू ने झोंपड़ी बनाने में हशमत की मदद किस प्रकार की ?

उत्तर : कल्लू ने इधर - उधर से भारी लकडियाँ लाकर और अपनी सूंड से मिट्टी की दिवार सीधी कर झोंपड़ी बनाने में हशमत की मदद की ।

ग. हशमत के बीमार हो जाने पर घर की दशा कैसी हो गई थी ?

उत्तर : हशमत के बीमार हो जाने पर घर की दशा अत्यंत दयनीय हो गई थी । घर में खाने की कमी हो गई थी । कल्लू को भी खाने को कुछ नहीं मिलता था । गरीबी के कारण सलीमा चिडचिडा हो गई थी ।

अतिरिक्त प्रश्न (Extra questions) :

1 कल्लू के साथ कौन खेलता था ?

उत्तर: कल्लू के साथ गाँव के बच्चे खेलते थे ।

2 हशमत और सलीमा क्या खा कर अपनी भूख मिटाते रहे ?

उत्तर : हशमत और सलीमा पेड़ के पत्ते खाकर अपनी भूख मिटाते थे ।

3 गाँव के बच्चे कल्लू के लिए क्या लाते थे ?

उत्तर : गाँव के बच्चे कल्लू के लिए गुड़ ,चावल, केले आदि लाते थे ।

4 बाढ़ आने पर हशमत अपनी पत्नी के साथ कहाँ बैठा था और क्यों ?

उत्तर : बाढ़ आने पर हशमत अपनी पत्नी के साथ पेड़ पर बैठा था क्योंकि गाँव में चारों ओर पानी ही पानी था ।

5 कल्लू कब ज़ोर-ज़ोर से चिंघाड़ता था ?

उत्तर : जब सलीमा अपने बच्चों को खाना देती और कल्लू को खाना नहीं देती तब कल्लू उदास आँखों से सलीमा की तरफ़ देखता और ज़ोर-ज़ोर से चिंघाड़ता था ।

6 मेले से लौटने के बाद हशमत ने सलीमा से क्या कहा ?

उत्तर : मेले से लौटने के बाद हशमत ने सलीमा से कहा कि पचास रुपए भी लाया हूँ , कुछ दिन तो निकल ही जाएँगे। जानती हो , ये सब अपने कल्लू के कारण ही मिला है।

## लिंग (Gender)

दिए गए वाक्यों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए |

1 चिड़ियाघर के शेर ने एक पुरुष को मार दिया |

= चिड़ियाघर की शेरनी ने एक महिला को मार दिया |

2 राम के पिताजी जयपुर गए हैं |

= राम की माताजी जयपुर गई हैं |

3 अतुल के बेटे ने मेले में हाथी की सवारी की |

= अतुल की बेटी ने मेले में हथिनी की सवारी की |

4 पंडित ने सेठ के घर पूजा करवाई |

= पंडिताइन ने सेठानी के घर पूजा करवाई |

5 माली ने बगीचे से फूल तोड़े |

= मालिन ने बगीचे से फूल तोड़े |

6 अध्यापक ने छात्र को पाठ पढ़ाया |

= अध्यापिका ने छात्रा को पाठ पढ़ाया |

## व्याकरण तथा रचना :

### उपसर्ग(Prefix)

दिए गए उपसर्गों से दो - दो शब्द लिखिए |

उप - उपदेश , उपकार

अन - अनजान, अनपढ़

अध - अधपका , अधमरा

निर् - निर्जन , निर्बल

कु - कुपुत्र , कुमार्ग

### प्रत्यय (Suffix)

दिए गए प्रत्ययों से दो - दो शब्द लिखिए |

नी - मोरनी , शेरनी

आपा - मोटापा , बुढ़ापा

पन - अपनापन , बचपन

वाला - चायवाला , सब्ज़ीवाला

दार - दुकानदार , चौकीदार

### शुद्ध वर्तनी लिखिए ( Write correct spelling )

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| कतज्ञ | कृतज्ञ |
| बाड | बाढ़ |
| परेसान | परेशान |
| चारपायी | चारपाई |

सूगंध                    सुगंध

1. सही विकल्प चुनिए ( MCQ ) (Choose the correct option):

क. वर्षा अधिक होने के कारण केरल राज्य किसकी चपेट में आ गया था ?

- सूखे की      * बाढ़ की   *  महामारी की    *  अकाल की

ख. हशमत ने हाथी के बच्चे को क्या नाम दिया ?

- गज्जू      * कल्लू     *  ऐरावत       * कालू

ग. कल्लू हशमत को कहाँ ले गया ?

- सरकस      *  बाज़ार में   * जंगल में    * मेले में

घ. हशमत की बीवी का क्या नाम था ?

- सलीमा      * गरिमा      * सलमा      * सुल्ताना

च . बाढ़ में हशमत और सलीमा कहाँ बैठे थे ?

- छत पर     * मोटी डाल पर  * चारपाई पर  * बेंच पर

छ. हशमत और सलीमा क्या खाकर अपनी भूख मिटाते रहे ?

* इडली      * डोसा       * पत्ते       * चना

ज. हशमत ने मेले में कितने रुपए कमाए ?

* एक सौ     * दो सौ      * पचास      * बीस

2. सही शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए (Fil in the blanks with correct word):

क. -------- दिनों तक पानी निचे न उतरा ।     ( दो / चार )

ख. धीरे-धीरे ---------- का पानी कम हो गया ।  ( नदी / बाढ़ )

ग. कल्लू  ----------- से बहुत प्यार करता था । ( हशमत / सलीमा )

घ. कुछ --- हाथी की सवारी करने की ज़िद करने लगे । (लोग/ बच्चे )

ANSWER OF QUESTION NO. 1 (MCQ)

क. बाढ़ की    ख. कल्लू    ग. मेले में    घ. सलीमा

च. मोटी डाल पर    छ. पत्ते    ज. पचास

ANSWER OF QUESTION NO. 2 (Fil in the blanks)

क. दो    ख. बाढ़    ग. हशमत    घ. बच्चे

अनुच्छेद -- मेरा प्रिय पशु ( HW )

विज्ञापन --- बालों के तेल के लिए ( HW )